हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

04 जनगणना 2027 के लिए स्वगणना प्रारंभ...



07 विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण से लिया संरक्षण...





## सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने 26 से प्रारंभ होगा बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

बेतवा नदी के सूखते उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने और नदी को बढ़ते प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह द्वारा 26 अप्रैल रविवार से ग्राम झिरी में बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान पिछले तीन वर्षों से जनसहभागिता के माध्यम से संचालित किया जा रहा है और इस वर्ष इसे और व्यापक स्वरूप देने की तैयारी है। वर्ष 2025 में बेतवा नदी का उद्गम स्थल पूरी तरह सूख गया था। इसके बाद बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह ने जनसहभागिता से एक सप्ताह के श्रमदान के माध्यम से 55 चेक डैम बनाकर उद्गम स्थल को आंशिक रूप से पुनर्जीवित किया। इस प्रयास में भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, सीहोर, बैतूल और इंदौर से सैकड़ों प्रकृति-प्रेमियों ने भाग लिया था।

### श्रमदान में कई जिलों से जुटेंगे नदी-प्रेमी

अभियान में भोपाल, रायसेन, विदिशा, इंदौर, सीहोर सहित कई स्थानों से पर्यावरण कार्यकर्ता, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यार्थी और नदी-प्रेमी शामिल होंगे। 26 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित इस श्रमदान सप्ताह में उद्गम स्थल पर जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण और सुधार कार्य किया जाएगा। बेतवा नदी में बढ़ते प्रदूषण और घटते जलस्तर को लेकर समूह ने फरवरी-मार्च 2023 में सात दिवसीय अध्ययन एवं जनजागरण यात्रा निकाली थी। जिसमें लगभग दो दर्जन गांवों और कई कस्बों-शहरों के स्कूलों, कॉलेजों तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद किया गया। यात्रा के दौरान नदी की बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चर्चा कर जनजागरण किया गया। इसके पश्चात राज्य के मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपकर संरक्षण की मांग उठाई गई थी।

### अनुभवी नेतृत्व में आयोजन

अभियान का संचालन ग्राम सेवा समिति, भोपाल के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका नेतृत्व मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ आरके पालीवाल और गांधीवादी विचारक डॉ सुरेश गर्ग (विदिशा) कर रहे हैं। इस अभियान में सेवानिवृत्त वरिष्ठ वन अधिकारी, पर्यावरणविद, समाजसेवी, पत्रकार, शिक्षक और युवा सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### सहभागिता की अपील

समिति ने भोपाल सहित पूरे मध्यप्रदेश के संस्थानों, सामाजिक संगठनों और प्रकृति-प्रेमियों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। समूह का उद्देश्य जनशक्ति के माध्यम से बेतवा के उद्गम स्थल को प्राकृतिक रूप से पुनर्जीवित करना और नदी संरक्षण के प्रति व्यापक जनचेतना विकसित करना है।



### किसान महापंचायत में शामिल हुए सैकड़ों किसानों ने की जमकर नारेबाजी

## खरीदी केंद्रों में कटौती, धीमी तुलाई और बिजली कंपनी की मनमानी पर फूटा किसानों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

जिले में किसानों के साथ हो रहे अन्याय और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में गुरुवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने विवेकानंद चौराहे पर किसान महापंचायत आयोजित की।

महापंचायत में किसानों ने सरकार की नीतियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी मेहनत की फसल का सम्मान नहीं हो रहा है और व्यवस्थागत खामियों का खामियाजा सीधे अन्नदाता को भुगतना पड़ रहा है।

शशांक भार्गव ने कहा कि यदि वारदाना (बोरी) की कमी है तो किसानों का गेहूं धर्मकांटे से तौलकर वेयरहाउस में सुरक्षित रखवाया जाए और तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। चना खरीदी में तेवड़ा के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों की मांग है कि तेवड़ा की सीमा अधिकतम 2 प्रतिशत तय की जाए और ग्यारसपुर तहसील में तुरंत तुलाई केंद्र स्थापित किए जाएं। खरीफ सीजन से पहले ही खाद संकट गहराता नजर आ रहा है। किसान महापंचायत के बाद किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच शशांक भार्गव ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर कहा कि 5 बीघा भूमि पर मात्र 1 बोरी डीएपी और 2 बोरी यूरिया दी जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि 5 बीघा के लिए कम से कम 3 बोरी डीएपी, 4 बोरी यूरिया और 1 बोरी पोटाश एक साथ उपलब्ध कराई जाए। साथ ही छोटे, वंचित और पट्टाधारी किसानों को भी खाद वितरण में प्राथमिकता दी जाए। बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी किसानों ने गंभीर सवाल उठाए।

बिना पूर्व सूचना डीपी हटाने, जर्जर तारों के कारण नरवाई में आग लगने और उल्टा किसानों पर ही जुर्माना लगाने की घटनाओं को अन्यायपूर्ण बताया गया। किसानों ने कहा कि विभाग की जिम्मेदारी तय हो और नुकसान की भरपाई की जाए। इसके अलावा सरसों के भावांतर का भुगतान लंबित होने, जीआईएस सर्वे के नाम पर किसानों को परेशान करने और विवाह सीजन में गैस सिलेंडर की कमी जैसे मुद्दों को भी महापंचायत में उठाया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। महापंचायत में पूर्व विधायक शशांक श्रीकृष्ण भार्गव ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और सर्वदलीय प्रतिनिधियों ने किसानों के समर्थन में एकजुटता दिखाई।



विदिशा। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे पूर्व विधायक शशांक भार्गव।

### सवालः क्यों घटाई गई खरीदी केंद्रों की संख्या

किसानों ने आंकड़ों के साथ अपनी पीड़ा रखी। वर्ष 2025 में जिले की 190 सोसायटियों में तुलाई केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां लगभग 5 लाख 63 हजार टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसके विपरीत इस वर्ष केवल 147 तुलाई केंद्र प्रारंभ किए गए और किसानों के दबाव के बाद संख्या बढ़ाकर 154 की गई। जबकि इस वर्ष गेहूं का रकबा बढ़ा है, फिर भी खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है और अब तक मात्र 68 हजार टन गेहूं की खरीदी हो सकी है। किसानों ने इसे सीधा-सीधा प्रशासन की विफलता और किसानों के साथ अन्याय बताया।

### दवा दुकानों पर बड़ी कार्रवाई

## खुदरा बिक्री व नियम उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्त व निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में संचालित थोक दवा दुकानों के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। अवैध रूप से खुदरा दवा वितरण तथा बिना पंजीकरण दवाखाना संचालित किए जाने की शिकायतों के बाद राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा ब्लॉक स्तर पर सघन निरीक्षण किया गया।

ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर ने बताया कि जांच के दौरान औषधि नियमावली 1945 के उल्लंघन के कई गंभीर प्रकरण सामने आए। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ब्लॉक विदिशा में 1, बासौदा में 10, सिरोंज में 9 तथा कुरवाई और लटेरी में 1-1 दवा दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा बिना फार्मासिस्ट के दवा विक्रय, दवाओं के क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड संधारित न करना तथा अन्य अनियमितताओं पर भी सख्त कदम उठाए गए हैं। इस क्रम में विदिशा में 7, बासौदा में 4, सिरोंज में 7 तथा कुरवाई में 2 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी थोक ड्रग लाइसेंस धारकों की सूची तैयार कर नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही एक ही परिसर में दुकान और क्लिनिक संचालित करने वाले संचालकों पर भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दवा कारोबार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 'आप' पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना आज से

**विदिशा।** किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी आज शुक्रवार से आंदोलन शुरू करेगी। दोपहर 11:30 बजे पार्टी पदाधिकारी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद नई गल्ला मंडी प्रांगण के बाहर मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा। धरने में जिले भर के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल होंगे। यह आंदोलन जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा के नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेता भगवत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

### वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक हुई

## डीआईजी ने बेहतर पुलिसिंग व जनविश्वास पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

पुलिस कंट्रोल रूम उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल एवं एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगमन पर एसपी द्वारा डीआईजी का स्वागत किया गया।

बैठक से पूर्व डीआईजी ने विदिशा फिंगर प्रिंट लैब का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। डीआईजी ने बेहतर विवेचना, प्रभावी कानून-व्यवस्था, टीम भावना, स्मार्ट पुलिसिंग एवं फिटनेस पर जोर दिया। ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था, थानों में साफ-सफाई, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता संवाद तथा नशा कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खरीदी में अव्यवस्थाओं पर मंत्रियों से मिला किसान संघ

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का दिया आश्वासन**



**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर खरीदी में आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मध्यप्रदेश सरकार में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चना-मसूर में तेवड़ा को 5% छूट के साथ खरीदी, बॉयोमेट्रिक के साथ ओटीपी व्यवस्था लागू करने, 2 हेक्टेयर से अधिक किसानों की स्लॉट बुकिंग शुरू करने, चमक विहीन गेहूं की खरीदी, स्लॉट व खरीदी तिथि बढ़ाने तथा सैटेलाइट सत्यापन के स्थान पर पटवारी गिरदावरी को मान्य करने की मांग रखी। प्रति हेक्टेयर उर्वरक-खाद की मात्रा बढ़ाने का मुद्दा उठाया। मंत्रियों ने संबंधित विषयों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

### 340 क्वार्टर जब्त, आरोपी को जेल भेजा

**विदिशा।** आबकारी विभाग ने वार्ड 7 राजपूत कॉलोनी में छापामार कार्रवाई कर 340 पाव गोवा विदेशी मदिरा जब्त की। कार्रवाई में आरोपी राजा कुशवाह (33) के मकान से 61.2 बल्क लीटर शराब बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### स्लॉट बुकिंग न होने पर किसानों ने किया 3 घंटे चक्काजाम

**नटेरन/नयागोला।** नटेरन क्षेत्र की जोहद सोसायटी अंतर्गत घटवाई, रायपुर, खेजड़ा, दिघोनी व गुरोद के सैकड़ों किसानों ने गेहूं-चना की स्लॉट बुकिंग व तुलाई न होने से नाराज होकर विदिशा-बासौदा-अशोकनगर राज्य मार्ग पर चक्काजाम किया। शैलेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक जाम रहा। एसडीएम अजय पटेल, तहसीलदार आनंद जैन व थाना प्रभारी एमएस मंडेलिया ने समझाइश दी। किसानों ने शनिवार तक समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। एम्बुलेंस व दोपहिया को निकाला गया, यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई।

### बालाजी मंदिर से शेरपुरा चित्रगुप्त मंदिर तक उमड़ा आस्था का सैलाब

## भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई चित्रगुप्त जयंती

**डेढ़ किमी दूरी तय करने में लगे 3 घंटे, जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर शाम बालाजी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कायस्थ समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक और निकासा मार्ग से होती हुई शोभायात्रा कांच मंदिर पहुंची। यहां पूजन के पश्चात श्रद्धालु शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे, जहां महाआरती एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोल और डीजे की धुन के बीच समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रथ पर सुसज्जित भगवान चित्रगुप्त की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी, जिनका मार्ग में श्रद्धालुओं ने तिलक कर पूजन किया। महिलाएं लाल साड़ी और पुरुष पीले कुर्ते में पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। महापुरुषों के कटआउट भी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। बालाजी मंदिर से माधवगंज तक लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करने में शोभायात्रा को करीब 2 घंटे का समय लगा। मार्ग में लगभग 12 स्थानों पर समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा और स्वागत मंचों के माध्यम से अभिनंदन किया गया।

पूरे रास्ते भगवान चित्रगुप्त जी की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष देवउठनी ग्यारस के अवसर पर चित्रांश सामूहिक विवाह सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विदिशा। रात 8 बजे निकासा पहुंची शोभायात्रा में शामिल हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि।

### खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने दिलाई जिम्मेदारी की शपथ

**विदिशा।** जनगणना कार्य हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ। पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडेय ने गणनाकारों व पर्यवेक्षकों को निष्ठा, पारदर्शिता और गोपनीयता के साथ दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसके आंकड़े शासन की नीतियों व योजनाओं के निर्माण में उपयोगी होते हैं। प्रशिक्षण में तकनीकी व व्यवहारिक पहलुओं की पुनरावृत्ति कर फील्ड में सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक 29 अप्रैल को

**विदिशा।** पश्चिम मध्य रेल मंडल भोपाल की रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बैठक में मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से जुड़ी समस्याओं, यात्री सुविधाओं, सुझावों एवं आवश्यक मांगों पर चर्चा की जाएगी। समिति सदस्य कमलेश सेन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के स्टेशन, रेल सेवाओं, यात्री असुविधाओं अथवा आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें। प्राप्त सुझावों को बैठक के एजेंडे में शामिल कर प्रभावी रूप से उठाया जाएगा।

### 100 अमृत मित्र 60 प्याऊ स्थापित

**विदिशा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विदिशा जिले के नगरीय निकायों में जल संरक्षण कार्यों को गति मिली है। अमृत 2.0 अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सभी 5 जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया है। तालाब, नदी व बावड़ियों के संवर्धन के दो कार्य तथा नाले-नालियों की सफाई के 75 कार्य पूरे हुए हैं। 47 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की गई है। युवाओं की भागीदारी हेतु 100 अमृत मित्र पंजीकृत किए गए हैं। गर्मी को देखते हुए 60 सार्वजनिक प्याऊ भी स्थापित किए गए हैं।

### वन विभाग ने पूरे किए 1200 संरचनात्मक कार्य

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विदिशा के वन क्षेत्रों में वन विभाग ने 2 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 1200 बोल्डर, चेक डैम, ब्रशवुड, परकोलेशन तालाब व कंटूर ट्रेंच निर्माण पूरे किए, जबकि 800 कार्य प्रगति पर हैं। वन्य जीवों के लिए 700 लक्ष्य में से 500 से अधिक तालाब, सांसर, स्टॉप डैम व झिरिया बनाई गईं। 15 में से 7 तालाबों का गहरीकरण हुआ। वर्षा ऋतु हेतु गड्ढे भी खोद लिए गए हैं।

### मारपीट के दो आरोपियों को एक साल का कारावास

**विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नंदिनी शुक्ला ने मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में भम्मू उर्फ प्रेमसिंह (45) एवं विनय उर्फ बन्नू सिंह (36), निवासी ग्राम ठर्र थाना सिविल लाइन को एक-एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। घटना 22 नवंबर 2023 की है, जब आरोपियों ने फरियादी के साथ डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया था।

### एसएटीआई में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज में अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने कहा कि पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। लेकिन मानव की सुविधाभोगी प्रवृत्ति और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। डीन (अनुसंधान) डॉ. आलोक जैन ने अपने संबोधन में पृथ्वी संरक्षण को मानव का नैतिक दायित्व बताया। मुख्य वक्ता डॉ. संजय भंडारी ने भूकंप, कारण, तीव्रता, प्रभाव और बचाव विषय पर व्याख्यान दिया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव-5925
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6900
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6500
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-9340
शरबती
न्यूनतम भाव-2440
उच्चतम भाव-4915
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1701
उच्चतम भाव-2852
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2243
उच्चतम भाव-2361
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3116
बटरी
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-3650
धनिया
न्यूनतम भाव-11000
उच्चतम भाव-12500
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-1400
अलसी
न्यूनतम भाव-6460
उच्चतम भाव-6460
उड़द
न्यूनतम भाव-6210
उच्चतम भाव-6210
तुअर
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 30038 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नरवाई में आग लगाने वाले 95 किसानों को नोटिस जारी,एक ने जमा की जुर्माने की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





इलाके भर में किसान गेहू की कटाई से निपट चुके हैं और उनके खेतों में नरवाई खडी है। अब किसान प्रतिबंध के बावजूद खेतों में खड़ी गेहूं की नरबाई में आग लगा रहे हैं। नरबाई में आग लगने से काफी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इलाके में आए दिन नरवाई जलाने की घटनाएं हो रही हैं और प्रशासन भी कार्रवाई कर रहा है। अभी तक प्रशासन द्वारा 95 किसानों को नरवाई जलाने पर नोटिस दे चुका है। इनमें से एक किसान द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए जुर्माने की राशि भी जमा करा दी है।

यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने फसल काटने की पूर्व ही नरबाई में आग लगाने को लेकर सख्त आदेश जारी किए थे। आदेश में कहा गया था कि जो भी किसान नरबाई में आग लगाएगा उसके ऊपर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान एवं नरवाई के उचित प्रबंधन को लेकर भी किसानों को जागरूक किया गया और यह अभियान अब भी जारी है। इसके बाजवूद किसान नरबाई में आग लगाने से नहीं मान रहे हैं। बासौदा ब्लॉक अंतर्गत लगभग 95 ऐसे किसान हैं जिन्होंने अपने खेतों में खड़ी नरबाई में आग लगाई है। कई जगह तो नरबाई की आग से गांव तक चपेट में आने से बच गए। सबसे ज्यादा इस सीजन में ग्राम ऊकायला, नोघई, पबई और गमाकर में किसानों द्वारा नरबाई में आग लगाई गई है। जिससे वातावरण सहित पूरी जैव विविधता को नुकसान पहुंचा है। उधर तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि ग्राम कंजना के कृषक धन सिंह प्रजापति ने अपने खेत में खड़ी नरबाई में आग लगा दी थी। जिसमें पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और उसे पर नोटिस देकर कार्रवाई के लिए भेजा गया। जिसके बाद तुरंत धन सिंह ने 2500 रुपये की जुर्माना राशि तहसील में जमा करवा दी। इस दौरान किसान ने कहा कि अब कभी नरबाई में आग नहीं लगाएगा। तहसीलदार ने बताया कि नरबाई जलाने पर बड़ी कार्रवाई की जाऐगी। जिसमें 2 एकड़ तक के किसान पर 2500 जुर्माना, दो एकड़ से 5 एकड़ तक के किसान पर 5000 का जुर्माना एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15000 या उससे अधिक रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। किसान द्वारा यदि नरबाई में आग लगाई गई है तो उसे सेटेलाइट की मदद से पटवारी को मौके पर भेज कर पंचनामा बनाकर किसान को नोटिस दिए जा रहे हैं। ताकि अगले वर्ष से नरबाई में किसान आग ना लगाऐं। कंजना और खेरुआ पहुंच मार्ग पर बीती रात 35 बीघा खेत में खड़ी नरवाई में आग लग गई। यह आग फैलते हुए कंजना के समीप स्थित गौशाला तक जा पहुंची, जिससे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। शिकायत के बाद गुरुवार को नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और गौशाला संचालक पं. देवेन्द्र भार्गव भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने उन खेतों की जानकारी जुटाई, जिनमें आग लगी थी।

### स्वर्गीय अनिल यादव पत्रकार भवन में तहसीलदार ने दी विस्तार से जानकारी

# जनगणना 2027 के लिए स्वगणना प्रारंभ,मोबाइल से दर्ज होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गुरुवार को जनगणना 2027 की 'स्वगणना' प्रक्रिया को लेकर स्वर्गीय अनिल यादव पत्रकार भवन में पत्रकारवार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें तहसीलदार अरविंद यादव, मास्टर ट्रेनर डॉ. नरेन्द्र कुमार, अभय शर्मा बंटी ने पत्रकारों को इस नई डिजिटल प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बार की जनगणना को सटीक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

तहसीलदार अरविंद यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य होना है। शुरूआत में भवनों पर अस्थाई नंबरिंग कर एचएलबी यानि हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। अब नागरिकों को स्व गणना की सुविधा दी जा रही है। पूरी तरह ऑनलाइन यह प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगी। इसके तहत नागरिक se.census.gov.in पर जाकर पूछे गए प्रश्नों के जबाब देकर अपने परिवार एवं भवन से संबंधित स्व गणना दर्ज करा सकते हैं। इस प्रक्रिया में नागिरक द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर, मुखिया का नाम, भाषा बाद में बदली नहीं जाएगी। इसलिए नागरिक सोच समझकर और वास्तविक जानकारी ही दर्ज कराएं।

तहसीलदार अरविंद यादव के अनुसार आगामी 1 मई से 3 मई तक प्रगणक एचएलबी का वेरीफिकेशन करेंगे और उसके बाद प्रगणक द्वारा गणना शुरू की जाएगी। जो आगामी 30 मई तक चलेगी। इससे पहले नागरिकों को 30 अप्रैल तक डिजिटल स्व-गणना की सुविधा दी गई है, जिससे वे प्रगणक के आने से पहले अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना के बाद प्रगणक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और आवास की स्थिति, घरेलू सुविधाओं व उपलब्ध परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे और उन्हें डिजिटल रूप से पोर्टल पर दर्ज करेंगे। इस चरण के लिए शासन द्वारा कुल 33 प्रश्न निर्धारित किए गए हैं, जो भविष्य में नीति निर्माण और विकास योजनाओं का आधार बनेंगे। उन्होंने बताया कि त्योंदा तहसील में 139 एचएलबी बने हैं जिनमें 96 प्रगणक, 10 रिजर्व प्रगणक, 17 सुपरवाइजर और 2 रिजर्व सुपरवाईजर नियुक्त किए गए हैं। जबकि बासौदा तहसील में 307 एचएलबी चिन्हित हैं। जिनमें 224 प्रगणक, 23 रिजर्व प्रगणक और 17 सुपरवाइजर एवं 4 रिजर्व सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर निगरानी करेगा।

शहरी क्षेत्र में एक प्रगणक को लगभग 180 से 200 मकानों और करीब 800 की जनसंख्या का सर्वे करना होगा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में दो से तीन एचएलबी की जिम्मेदारी दी जाएगी। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत की जाती है और इसमें एकत्रित सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है, वहीं नागरिकों द्वारा जानकारी न देने या सहयोग न करने पर भी विधिक कार्रवाई की जा सकती है। प्रेस वार्ता में जिला फील्ड ट्रेनर नरेंद्र ठाकुर और अभय शर्मा ने भी जनगणना प्रक्रिया से जुड़ी शंकाओं का समाधान करते हुए विस्तृत जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर अभय शर्मा ने बताया कि नागरिक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन स्वगणना कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखी गई है। मकान सूचीकरण और डेटा दर्ज करने की तकनीकी विधि की जानकारी दी गई, ताकि लोग घर बैठे अपनी जिम्मेदारी निभा सकें। प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे देश निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वगणना प्रक्रिया को अपनाएं।

इस दौरान तहसीलदार द्वारा बताया गया पत्रकारों के माध्यम से आमजन तक सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस दौरान जनगणना प्रक्रिया की जानकारी स्वगणना की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. नरेन्द्र कुमार द्वारा पेपरलेस जनगणना 2027 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अनेक पत्रकारगण मौजूद थे।

# स्टेशन की शराब दुकान हटाने 24वें दिन भी धरना जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर के समीप शराब दुकान हटाने को लेकर अनिश्चित कालीन सार्वजनिक धरना प्रदर्शन 24 वे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में गोलू सेन, करन सेन, आरिफ खान, विकेश, विशाल, कंछेदी, सचिन, शानू खान, मोनू, हेमंत रघुवंशी , लोकेश सहित अन्य युवा उपस्थित रहे। यहां उल्लेखनीय है कि स्टेशन की शराब दुकान को हटाने का मुद्दा काफी पुराना है। प्रतिवर्ष नागरिकों द्वारा शराब दुकान हटाने को लेकर ज्ञापन, आवेदन, धरना प्रदर्शन किए जाते हैं और अधिकारियों द्वारा आश्वासन भी दिया जाता है, लेकिन शराब दुकान अभी तक नहीं हटी है। वहीं करीब पांच वर्ष पूर्व जिला आबकारी अधिकारी ने भी प्रदर्शन कर रहे नागरिकों एवं युवाओं को अगले वर्ष से शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसके बावजूद शराब दुकान नहीं हटाई गई। जिसके विरोध में युवाओं द्वारा शांति पूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# मेडिकल दुकानों के लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर नगर में संचालित थोक दवा दुकानों के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। इन दुकानों द्वारा अवैध रूप से खुदरा दवा वितरण एवं बिना पंजीकरण के दवाखाना संचालित किए जाने की शिकायतों के मद्देनजर राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं औषधि निरीक्षक विदिशा की संयुक्त टीम गठित कर ब्लॉक स्तर पर सघन जांच की जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर जान प्रवीण कुजूर ने बताया है कि जांच के दौरान औषधि नियमावली 1945 के उल्लंघन के कई मामले सामने आए हैं, जिन पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की गई है। अब तक गंज बासौदा में 10 दवा दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बिना फार्मासिस्ट के दवा विक्रय करने एवं दवाइयों के विक्रय का रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित न करने जैसी गंभीर अनियमितताओं पर भी कार्रवाई की गई है। जिसमें गंजबासौदा में 4 दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी थोक ड्रग लाइसेंस धारकों की सूची ब्लॉक स्तर पर तैयार कर सतत जांच की जाए। साथ ही जो संचालक एक ही स्थान पर दुकान और क्लिनिक दोनों चला रहे हैं, उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### बीमार गाय का कराया उपचार



**गंजबासौदा।** गुरुवार को पचमा बायपास रोड डीबी सिटी में 5 दिनों से गौ माता बीमार डली हुई थी। जिसकी सूचना डीबी सिटी कॉलोनी निवासी मनीष कुशवाहा ने देते हुए बताया कि गौ माता लगभग 5, 6 दिनों से बीमार घायल अवस्था में लेटी हुई थी। जिसकी सूचना मिलते ही गौ रक्षा मंच के सदस्यों ने डॉ रविंद्र रघुवंशी को बुलाकर उपचार कराया एवं लोडिंग ऑटो बुलाकर लालू महाराज की गौशाला पहुंचाया गया। गौ सेवा में दिनेश विश्वकर्मा, मुकेश सोनी, राजकुमार विश्वकर्मा, दिनेश प्रजापति, रोहित शर्मा, अमन सोनी, अनिल प्रजापति, रोहित पटेल, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित थे।

### योग शिविर में मुंबई की विशेषज्ञ देंगी प्रशिक्षण

**गंजबासौदा।** स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयं स्वस्थ बनो अभियान समिति एवं रक्त सेवा समिति गंजबासौदा के संयुक्त तत्वावधान में 13 वां योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 15 से 24 मई तक मानस भवन, पुराना मेला ग्राउंड में संचालित होगा। आयोजन समिति के अनुसार इस बार शिविर में मुंबई से पधार रहीं योग विशेषज्ञ डॉ. गीता जैन एवं उनके सहयोगी दीपक जानी प्रतिभागियों को योग के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण देंगे। आयोजकों ने बताया कि शिविर में स्थान सीमित हैं। इसमें 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे, महिला एवं पुरुष सभी भाग ले सकते हैं। योग कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 6 से 7:30 बजे तक आयोजित होंगी। शिविर में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागी शहर के विभिन्न स्थानों कक्काजी की दुकान सुभाष चौक, देशना आभूषण भंडार पाराशरी नदी के पास, श्री सुहाग ज्वेलर्स गायत्री मंदिर के पास बरेठ रोड,संजय मशीनरी त्योंदा रोड, विक्की होजरी लद्धा एजेंसी के सामने ,एम आर ट्रेडर्स (मोहित समैया) पुराना मेला ग्राउंड,नारी साड़ी सदन बरेठ रोड, परवेज फजलानी नागरिक बैंक,विनोद रेडीमेड स्टोर सावरकर चौक, कुंवर साहब सर्राफ सदर बाजार,श्री श्याम जी गारमेंट्स सुभाष चौक से आवेदन फॉर्म ले सकते हैं।

### नपा में सियासी खींचतान के बीच शासन का बड़ा फैसला

**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद में लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी और पार्षदों के बीच एकराय न बन पाने की स्थिति के चलते ठप्प होती नगरीय प्रशासन की व्यवस्था के बीच शासन को आखिरकार हस्तक्षेप करना पड़ा। नगरीय प्रशासन को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष का प्रभार सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को 7 अप्रैल को वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के चलते पद से पृथक कर दिया गया था। इसके बाद से अध्यक्ष पद रिक्त पड़ा हुआ था, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही थी। इस दौरान नगर पालिका के पार्षदों के बीच आपसी मतभेद और गुटबाजी के कारण नए अध्यक्ष के चयन को लेकर कोई सहमति नहीं बन पा रही थी। इसका असर नगर के विकास कार्यों और रोजमर्रा की व्यवस्थाओं पर साफ दिखाई देने लगा था। सफाई, निर्माण और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी सुस्ती देखी जा रही थी, जिससे आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।

### किसानों के सम्मान में युवा कांग्रेस मैदान में

# किसान न्याय सत्याग्रह 10 वें दिन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

युवा कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर चलाया जा रहा किसान न्याय सत्याग्रह बुधवार को 10 वें दिन भी जारी रहा। सत्याग्रह के 10वें दिन युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश गंगोरिया, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कड़वे विशेष रूप से शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष यश गंगोरिया ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस किसानों की लड़ाई को तब तक जारी रखेगी जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। इस सत्याग्रह के समापन के बाद हम रुकेंगे नहीं, बल्कि पदयात्रा और गांव-गांव में चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक करेंगे और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। प्रदेश प्रभारी चौहान ने पंजाब और हरियाणा के किसान आंदोलनों का उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को भी अपने हक के लिए एकजुट होना होगा। जब तक हम संगठित होकर सरकार से नहीं लड़ेंगे, तब तक किसानों का शोषण होता रहेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कड़वे ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आह्वान किया कि किसानी की इस लड़ाई में महिलाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनकी आवाज भी सरकार तक मजबूती से पहुँचे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिवद्धता दोहराते हुए कहा कि वे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी का ईमानदारी से पालन करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि आगामी आदेश तक यह सत्याग्रह इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा। सत्याग्रह को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, सुधीर उपाध्याय, सुनील बाबू पिंगले, राजेश महेश्वरी, विकाश शर्मा, संतोष शर्मा, अमित दुबे, जगदीश सुहाने, राहुल ठाकुर, पृथ्वी सिंह, प्रकाश मिश्रा, अदनान भाई, आबिद हुसैन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग से बलात्संग के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




न्यायाधीश द्वारा नाबालिग पीडिता के साथ बलात्संग करने वाले दोषियों को 20-20 वर्ष के कारावास की सजा एवं 20000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि न्यायालय राकेश कुमार ठाकुर, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो न्यायाधीश बासौदा, ने अपने निर्णय दिनांक 22.04.2026 को आरोपीगण को 20-20 वर्ष के कारावास की सजा और कुल 20000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला अभियोजन अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीडिता, अभियोक्त्री के पिता के द्वारा थाना उपस्थित होकर सूचना दी गई थी कि दिनांक 21.08.2024 को परिवार के सभी लोग घर पर थे और अभियोक्त्री दोपहर लगभग 12 बजे पानी भरने जंगल के पास वाले कुंए पर गई थी। अभियोक्त्री को देर हो जाने से और उसके घर नहीं आने पर परिवार के लोगो ने अभियोक्त्री को आसपास, जंगल एवं रिश्तेदारों में तलाश किया अभियोक्त्री के नहीं मिलने पर उसके गुमने की रिपोर्ट थाना लटेरी में दर्ज की गई थी। फरियादी की सूचना पर से थाना लटेरी पुलिस थाने में धारा 137(2), 87, 64, 70(1) बीएनएस एवं 5जी/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

अभियोक्त्री के दस्तयाब होने के पश्चात उसके धारा 164 द.प्र.स. के कथन संबंधित न्यायालय में हुए थे तथा अभियोक्त्री ने अपने साथ हुई घटना के संबंध में परिजन को बताया था। अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण उपरांत व अनुसंधान उपरांत न्यायालय में पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। प्रकरण में अनुसंधान, विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी एसएस सोलंकी एवं उपनि गोसिया सुल्तान के द्वारा की गई थी। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए।

उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्तगण को दोषसिद्ध पाते हुए भादंवि एवं एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष की सजा एवं कुल 20000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया तथा पीडिता को प्रतिकर की राशि दिए जाने के संबंध में न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया।


# भूसा में लगी आग के बाद हुआ तेज धमाका युवक घायल, पुलिस जुटी जांच में



**गंजबासौदा।** त्योंदा में गुरुवार दोपहर एक कच्चे मकान में रखे भूसे में आग लगने के बाद भीषण धमाका हो गया। इस हादसे में पड़ोसी युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलत गोलंदास के घर में रखे भूसे में आग लगी थी। आग लगते ही पडोसी युवक अजय कुशवाह उसे बुझाने में मदद करने पर पहुंचा। तभी भूसे के ढेर में लगी आग में धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का छज्जा पूरी तरह ध्वस्त हो गया और आसपास के घरों तक मलबा जा गिरा।धमाका इतना शक्तिशाली था कि कच्चे मकान के खप्पर और लकड़ी के टुकड़े करीब 50 मीटर दूर तक उड़कर गिरे। विस्फोट की आवाज लगभग 100 मीटर के दायरे में सुनी गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। इस दौरान अजय भी घायल हो गया। जिसे तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सहायक उप निरीक्षक गौरी शंकर राजपूत ने बताया कि आग लगने के कारणों और उसके बाद हुए धमाके की वजह का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। विशेषज्ञों की मदद से यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि भूसे की आग से धमाका कैसे हुआ।



**खबर संक्षेप**



## अक्षिता जैन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सिरोंज।** नगर की प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और परिश्रम में ईमानदारी हो, तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। इसी कड़ी में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी ठेकेदार गौरव जैन की सुपुत्री अक्षिता जैन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि संपूर्ण जैन समाज और सिरोंज नगर का गौरव बढ़ाया है। अक्षिता जैन स्वर्गीय राजेंद्र जैन (ठेकेदार) एवं श्रीमती कुसुम जैन की पौत्री हैं। उन्होंने अपनी यह उपलब्धि जवाहर लाल नेहरू स्कूल भोपाल से प्राप्त की है। अक्षिता की इस असाधारण सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को उनकी निरंतर लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम माना जा रहा है। अक्षिता की इस सफलता पर सकल जैन समाज सिरोंज एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें और उनके माता-पिता गौरव जैन एवं श्रीमती नीति जैन को बधाई दी।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई काव्यायन की गोष्ठी

**सागर।** नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्रांड पैलेस के गार्डन से समाज सेवी निर्भय सिंह घोषी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ, संचालन वृंदावन राय सरल ने किया। इसमें पुष्पेंद्र दुबे सागर, देवी सिंह राजपूत, पी.आर.मलैया, मणिदेव सिंह ठाकुर, मीता कनौजिया, शिरोमणि जैन, अमित आठिया, महबूब ताज वृंदावन राय सरल ने काव्य पाठ किया।

### संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण चेतना आयोजन

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण से लिया संरक्षण करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल में एक अत्यंत प्रेरणादायक,जागरूकता से परिपूर्ण एवं व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जहां विद्यालय परिसर को हरियाली के संदेश से सुसज्जित किया गया था। विद्यार्थियों ने हाथों में पौधे लेकर धरती बचाओ,वृक्ष लगाओ,जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और प्रकृति के प्रति सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

### पर्यावरण सरंक्षण की दिलाई शपथ

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से शिक्षिका पलक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। वहीं विद्यालय के समन्वयक विनय साहू ने सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि सभी लोग अपने जीवन में पर्यावरण की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य गौरव दुबे ने अपने सारगर्भित एवं प्रेरक वक्तव्य में पृथ्वी दिवस के ऐतिहासिक एवं सामाजिक महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी आवश्यकता बन चुका है। यदि हम आज सचेत नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### प्रकृति के प्रति प्रेम,जिम्मेदारी और सरंक्षण का बीज बोने का कार्य

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पारस तारण को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके सामाजिक योगदान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इसमें विद्यालय संचालन समिति के सदस्य प्रशांत जैन मुरारिया एवं गौरव जैन हवेली सहित अन्य की उपस्थिति ने उत्साह बढ़ाया।

### पृथ्वी को केवल उपयोग की वस्तु न समझें

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला योजना समिति के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष पारस तारण की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी को केवल उपयोग की वस्तु न समझें, बल्कि उसे अपनी ह्यमांह्ल के रूप में सम्मान दें। जिस प्रकार हम अपनी माता की सेवा और सुरक्षा करते हैं, उसी प्रकार हमें पृथ्वी की रक्षा के लिए भी सजग रहना होगा। उन्होंने बच्चों को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने जैसे जल संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग, अधिक से अधिक वृक्षारोपण आदि के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का सामूहिक रूप से रोपण किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। यह केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं थी, बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ने और उसे संरक्षित करने का एक जीवंत प्रयास था।

# यातायात पुलिस का मॉडिफाइड साइलेंसर पर शिकंजा, नाबालिगों को दी चेतावनी

### ऑटो पार्ट्स दुकानों की जांच, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय एवं यातायात प्रभारी रितेश वागेला द्वारा संयुक्त रूप से विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत शहर की प्रमुख ऑटो पार्ट्स दुकानों की जांच की गई। दुकानदारों को मोडिफाइड साइलेंसर न बेचने एवं ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि इससे अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। नाबालिग चालक वाहन चलाते पाए गए नाबालिगों के परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी गई तथा भविष्य में पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 11,400 का शमन शुल्क वसूला गया।

अभियान के दौरान नागरिकों को शासन की योजनाओं राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने आम नागरिको से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने और दूसरों की सुरक्षा के लिए करें।

## नरवाई जलाने वाले 12 कृषकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज



**सिरोंज।** जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा बी.एन.एस की धारा 163(1) के तहत नरवाई जलाने पर प्रतिवंध लागू किया गया। जिसके अनूक्रम में सिरोंज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में प्रशासन द्वारा ग्राम चौपालों का आयोजन कर कृषकों में जागरूकता फैलाई गई। जिस में नरवाई ना जलाने के फायदे एवं नरवाई जलाने पर होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया। जिसके उपरांत कुछ कृषकों के द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में नरवाई जलाने की घटनाए परिलक्षित हुई है सेटेलाईट से प्राप्त सूचना एवं मौके पर पटवारी व कृषी विभाग की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर 12 कृषको के विरूद्ध सुसंगत धाराओ में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई। साथ ही न्यायालय में 93 प्रकरण में 128 कृषकों के विरूद्ध प्रकरण पंजीवद्ध कर कुल 134500 का जुर्माना किया गया। साथ ही सभी कृषको को बार बार चौपालो एवं मुनादी के माध्यम से पराली ना जलाने हेतु निर्देशित किया गया।

## जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण, जिला सांख्यिकी अधिकारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सिरोंज।** सिरोंज तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित जनगणना कार्य के अंतर्गत द्वितीय बैच के तीसरे दिन चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण जिला सांख्यिकी अधिकारी सेवाराम रैकवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थित कर्मियों की सहभागिता तथा प्रशिक्षण में दिए जा रहे विषयवस्तु की विस्तृत समीक्षा की। श्री रैकवार ने प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित गणनाकारों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद कर उन्हें जनगणना कार्य की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है।

### भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ की कार्यकारिणी एवं जिला परिषद् की बैठक संपन्न

# स्काउट गाइड प्याऊ का किया उद्घाटन



**विदिशा/सिरोंज।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ विदिशा की कार्यकारिणी एवं जिला परिषद् की बैठक स्काउट गाइड भवन में संपन्न हुई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता जिला संघ अध्यक्ष गोविन्द देवलिया व मुख्य अतिथि जिला मुख्यायुक्त अतुल शाह ने की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर एसपी सिंह जाटव, एडीपीसी श्रीमती ऐश्वर्या मूंदड़ा,सहायक संचालक प्रियांश शर्मा,बीईओ कमलसिंह बागड़ी,श्रीमती लिली जैन,जिला संघ उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,जिला संघ उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, वित्त समिति सदस्य राजकुमार सर्राफ,राकेश शिवहरे,रोहित गुप्ता,डीओसी श्रीमती अनीता पटले, श्रीमती दिव्या राठौड़,सहा सचिव दीपक जैन, ए पी शुक्ला,शरद श्रीवास्तव,ओपी दुबे,लल्लू सिंह भोई, श्रीमती रीता कैथोरिया,श्रीमती मीनू दुबे,श्रीमती तबस्सुम खान,संदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

## चित्रगुप्त प्रकट उत्सव पर कायस्थ समाज की शोभायात्रा



**सिरोंज।** भगवान चित्रगुप्त के प्रकट उत्सव के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा छतरी मंदिर से प्रारंभ होकर लिंक रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर तक पहुंची। इस अवसर पर शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग शामिल हुए, जिसमें माताएं, बच्चे एवं पुरुषों का विशेष उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा के दौरान महान हस्तियों की तस्वीरें भी आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान चित्रगुप्त के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। वही मंदिर पहुंचने के बाद विधि-विधान से हवन,आरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन भक्तिभाव और उल्लास के साथ हुआ।

# मोरी-कोड़ी गेहूं खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायसेन



### तौल व्यवस्थाएं सुधारने केंद्र प्रभारी को लगाई फटकार

जिले में गेहूं उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं को परखने के लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने उपार्जन केंद्र आशीष वेयरहाउस, मोरी कोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपार्जन प्रक्रिया, गेहूं की गुणवत्ता, तुलाई व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता सहित किसानों के लिए की गई सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी और संबंधित अधिकारियों से अब तक खरीदी गई उपज की मात्रा, किसानों को भुगतान की स्थिति और बारदाने की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खरीदी कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों को उनके उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर समय पर किया जाए।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि उपज बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि जरूरत हो तो तौल कांटों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े।

# भीषण असहनीय गर्मी, खरगोन में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



### खाली बर्तनों के साथ महिला-पुरुषों ने किया प्रर्दशन

तहसील के व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन के रहवासी भीषण गर्मी, धूप में बूंद-बूंद पानी के लिए हैरान-परेशान बने हुए है। खरगोन के महिलाओं पुरुषों बच्चों द्वारा खाली बर्तनों के साथ तहसीलदार, एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए पानी दो, पानी दो के नारे लगाये गए।

पीएचई के द्वारा निर्मित नल जल योजना का ग्राम पंचायत द्वारा संचालन किया जा रहा है। नल जल योजना की टंकी और वर्षो पुरानी टूटी फूटी पाइप लाइन पानी की नियमित सप्लाई में बाधा बनी हुई है। लम्बे समय से खरगोन के निवासी पेयजल समस्या से जूझ रहे है। खरगोन के वार्ड 6,7,8,9 में जलापूर्ति पूरी तरह ढप्प बनी हुई है। भीषण गर्मी, तेज असहनीय धूप में परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए हैरान-परेशान हो रहे है। अन्य स्थानों, निजी हेंडपंपों पर पानी के लिए जद्दोजहद करना और महिलाओं, बच्चों को परेशान होना मजबूरी बना हुआ है।

पानी के लिए गर्मी में परेशान हो रहे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में ग्राम के साथ अन्य अधिकारियों, पीएचई को ज्ञापन दिए परन्तु कोई सुधार और कार्यवाही नहीं हुई। भीषण गर्मी में सिर्फ पानी की व्यवस्था में ही महिलाओं, मजदूरों का पूरा समय बर्बाद हो रहा है। पानी की समस्या तत्काल हल किए जाने की मांग की।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ का ज्ञापन

### किसान संघ ने दी 25 से आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर गेंहू बैचना, तौलना सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। इसी के साथ आज आन लाइन खाद वितरण व्यवस्था लागू होने से किसानों को उनकी जरूरत मात्रा के अनुसार खाद न मिल रहा है। गेंहू बैचने में सेटेलाइट सत्यापन, स्लाट बुक न होने और बिल न बनना भी परेशानियों की कारण बन रहा है। चना की खरीद सिर्फ मंडी में की जा रही है। गेंहू की समर्थन मूल्य पर 30 मई तक खरीद की जाए।

किसानों की इन्हीं सब समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी सन्तोष मुदगल को ज्ञापन सोंपा गया। समस्याओं का हल न होने पर 25 अप्रैल से किसान संघ द्वारा आन्दोलन तहसील के सामने शुरु करने की चेतावनी और अनुमति चाही गई है।

### सभी किसानों का खरीदा जाए गेहूं

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद तौल व्यवस्था की बाधाओं से क्षेत्र के हजारों पंजीयन कराने वाले किसान हैरान-परेशान बने हुए है। किसान संघ ने ज्ञापन सौंप कर सभी किसानों का गेंहू समर्थन मूल्य पर खरीदने और खरीद की तिथि 30 मई तक किए जाने की मांग की है। 2 दिन में किसानों की समस्या हल न होने पर 25 अप्रैल से तहसील के सामने अनिश्चित कालीन धरना आन्दोलन शुरु करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपते समय किसान संघ के जिला अध्यक्ष केशर सिंह पटेल, नारायण सिंह जरारिया, पृथ्वी पाल सिंह, सन्तोष पटेल, भगवान सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह, गोविन्द, रेवा शंकर शर्मा सहित अनय किसानों की उपस्थिति रही।

# गुरुवार की सुबह से सड़कों पर लगी झाड़ू, हुई साफ-सफाई

### सार्वजनिक स्थानों से उठाया गया कचरा गंदगी

**हड़ताल और धरना देकर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को कर दिया था बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




नगर परिषद के सफाई मित्रों द्वारा अपनी 5 सूत्री मांगो के लिए हड़ताल और धरना देकर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को बंद कर दिया। तीन दिनों तक सड़कों, वार्डो में सफाई न होने के साथ कचरा, पन्नी गंदगी के ढेर लगे रहने से बदबू फैलने, गंदगी का साम्राज्य बना रहा।

नप अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी सहित वार्ड पार्षद और एसडीएम धरना दे रहे सफाई मित्रों के बीच पहुंचे और मांगो पर चर्चा के बाद सहमति बनने से हड़ताल धरना समाप्त हो गया।

भीषण गर्मी, तेज धूप के बने माहौल में सडक़ों, सार्वजनिक स्थानों, घरों के सामने और घरों के भीतर कचरा डब्बों में कचरा गंदगी से लोग परेशान हो उठे, हवा के साथ कचरा इधर से उधर फैलता रहा। गुरुवार को नगर की सडक़ों पर झाड़ू लगी, कचरा उठाने के साथ कचरा वाहनों के माध्यम से घरों-घर से कचरा एकत्रित करने से नगर के हजारों परिवारों ने राहत महसूस की।

### संसार में उन्नति, अवनति और मोक्ष की प्रक्रिया जारी : ब्रम्हचारी

# धर्मसभा में पहुंचे राज्यमंत्री पटेल ने लिया साधु-संतों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

### सनातन समाज का नेतृत्व ब्राम्हाणों से हैः राज्यमंत्री पटेल



भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में बुधवार 22 अप्रैल सर्व ब्राम्हण सनातन धर्म समिति के तत्वाधान में दिन में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई तो रात्रि में राम लीला मैदान में साधु-सन्तो की उपस्थिति महामण्डलेश्वर पूं. ब्रम्हचारी जी की अध्यक्षता में विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ।

धर्मसभा में फिल्म धुरंधर 2 के पं संजय मेहता, कथा व्यास सुनीता देवी पूर्व डीएसपी की विशेष उपस्थिति रही। क्षेत्र के विधायक और स्वा. राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने धर्मसभा में पहुंच कर साधू-सन्तो का आर्शीवाद लिया, समिति की ओर से राज्यमंत्री पटेल का सम्मान किया गया।

धर्मसभा की अध्यक्षता कर रहे महामण्डलेश्वर पूं. ब्रम्हचारी जी ने भगवान परशुराम जी के जीवन कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संसार में उन्नति और अवनति के साथ मोक्ष की प्रक्रिया निरन्तर जारी है। कहा कि सनातन सभी के मंगल और विश्व में शांति की कामना करता है।

कहा कि ब्राम्हण योनि और नर्मदा क्षेत्र में जन्म लेना शौभाग्य है, हम ऐसे कार्य करे कि सम्पूर्ण समाज के साथ ब्राम्हणों की उन्नति हो इसके लिए एकता और माह दो माह में बैठक और कार्यक्रमों का आयोजन होना जरूरी है।

क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने समाज की तुलना शरीर से करते हुए कहा कि ब्राम्हण मानव शरीर में सिर के समान है यदि सिर कट जाए तो शरीर मृत हो जाएगा। ब्राम्हण समाज का नेतृत्व करता है सभी आदर सम्मान करने के साथ कहा मानते है। सनातन धर्म दुनिया का सर्व श्रेष्ठ धर्म संस्कृति है, धर्म रहेगा तभी हम सभी रहेगें। राज्यमंत्री पटेल के अलावा, पं. चन्द्र कांत शास्त्री ने भी धर्मसभा में अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में नगर के साथ क्षेत्र के उदयपुरा, देवरी, खरगोन, बाड़ी और ग्रामों से आए ब्राम्हण ही नहीं अन्य समाजों के लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, अवनीश पालीवाल, कमल किशोर शर्मा, प्रतीक द्विवेदी, ओम प्रकाश चतुर्वेदी की सक्रियता बनी रही। कार्यक्रम का संचालन और सभी का आभार हिउस के अध्यक्ष दिनेश बबेले ने व्यक्त किया।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

# चिलचिलाती धूप में किसानों का उग्र प्रदर्शन, स्टेट हाईवे पर धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

समर्थन मूल्य पर गेहूं-चना उपार्जन में आ रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को गैरतगंज में किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। दोपहर की तेज गर्मी के बावजूद सैकड़ों किसान भोपाल-सागर स्टेट हाईवे पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। करीब घंटों तक चले इस प्रदर्शन से मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की कतारें लग गईं।

यह आंदोलन क्रांतिकारी किसान संगठन (मध्य भारत) के नेतृत्व में किया गया। किसान जनपद ग्राउंड से रैली के रूप में निकले और मुख्य मार्ग पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल समस्याओं के समाधान की मांग की।

प्रदर्शन के बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अंकित जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समर्थन मूल्य केंद्रों पर हो रही अव्यवस्थाओं और तकनीकी दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने प्रशासन से मांगों पर तत्काल कार्रवाई की अपील की।

किसानों का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था के कारण उनकी फसल खुले में पड़ी-पड़ी खराब हो रही है। कई जगह बारिश और तेज धूप से अनाज की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।




### प्रदर्शन में दिखी एकजुटता...

धरना प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों किसान एकजुट नजर आए। सभी ने एक स्वर में अपनी मांगों का समर्थन किया और ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपनी एकता दिखाई। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक सभी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

### सौंपे ज्ञापन में किसानों की प्रमुख मांगें

ज्ञापन में किसानों ने कई गंभीर मुद्दों को उठाया। उनकी मुख्य मांगें - गेहूं उपार्जन केंद्रों पर तुलाई में हो रही देरी और अव्यवस्था को तुरंत खत्म किया जाए। सभी किसानों के लिए समय पर स्लॉट बुकिंग सुनिश्चित की जाए। खुले में रखी उपज के लिए सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए। तुलाई केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि एक ही दिन में तौल और एंट्री पूरी हो सके। सर्वर और तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

### चिलचिलाती धूप में डटे रहे किसान

गुरूवार को भरी दुपहरी में किसान सड़क पर डटे रहे। उनका कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। किसानों ने साफ कर दिया कि इस बार वे आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।



### प्रशासन को दी चेतावनी

किसान संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। उन्होंने बड़े स्तर पर प्रदर्शन, चक्काजाम और प्रशासनिक घेराव की भी बात कही है। किसानों ने कहा कि अब वे सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहते हैं।

#### प्रशासन के लिए चेतावनी संकेत

गैरतगंज में हुए प्रदर्शन जिला प्रशासन के लिए एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। जिस तरह किसानों ने सड़क पर विरोध जताया है, उससे साफ जाहिर है यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है।

### सड़क पर प्रदर्शन से यातायात व्यवस्था हुई प्रभावित

चक्काजाम से मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। कई वाहन घंटों तक फंसे रहे। राहगीरों व यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन किसानों के हटने तक मार्ग सुचारू नहीं हो सका।

# हम फ्रेश के डोसा में कॉकरोच

## ग्राहकों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन






शहर में सागर रोड स्थित हम फ्रेश होटल में गुरुवार को दोपहर उसे समय हड़कंप मच गया जब लंच में रायसेन कोर्ट के कुछ वकील नाश्ता करने पहुंचे बताया जाता है कि नाश्ते में तीन दो से बुलवाए गए जिसमें एक दोसा में कॉकरोच रहता हुआ नजर आया वकीलों ने इस मामले की शिकायत हम फ्रेश होटल मालिक से की तो वह बोला इसमें कोई हमारी गलती नहीं है ऐसा तो होता रहता है वकीलों ने इस मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जब यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था तो होटल मालिक ने वकीलों पर दवा बनाया बोले की मैं आप पर कोर्ट मानहानि का दावा कर दूंगा।वकीलों का जवाब रहा कि इसकी कोई परवाह नहीं है ।लेकिन ग्राहकों की सेहत के साथ सरेआम खिलवाड़ करना ठीक नहीं है। इस मामले की शिकायत फ़ूड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार के पास पहुंची तो उनका कहना था कि यह मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है। मैं मामले की जांच करवारकर उचित कार्रवाई करूंगा।

शहर की होटल में मिलावटी खास सामग्री और नाश्ते में इस तरह के कीड़े मकोड़े निकालना आम बात हो चुकी है लेकिन खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी इन मामलों में हमेशा अनदेखी करते हैं पूर्व में भी मध्यान भोजन से लेकर होटल में कीड़े मकोड़े कॉकरोच आदि के मामले उजागर हो चुके हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बजाय कार्रवाई के इनको रफ़ा दफा कर देते हैं। क्योंकि बताया जाता है कि इन होटल से अधिकारियों खाद निरीक्षकों की मिलीभगत रहती है कमाई के चक्कर में वह ऐसे मामलों को अक्सर दबा देते हैं। लेकिन इस तरह के मामले ग्राहकों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है।

### पहले से 2 जांच सेंपल पेंडिंग

हम फ्रेश होटल की मिठाई बर्फी में मावे में मिलावट और तेज रंगों का इस्तेमाल मगद के लड्डू में मिलावट के दो सैंपल विभाग ने जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे हैं लेकिन अभी तक उनकी जांच नहीं आई है। अब एक बार फिर यह लापरवाही का तीसरा मामला उजागर हो चुका है। जबकि विभागीय भी अधिकारी बताते हैं कि मामले की जांच करके नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसे हुई गड़बड़ी उजागर

गुरुवार को नगर के युवा अरुण मीरोठा एडवोकेट अपने साथियों के साथ हम फ्रेश पर लंच करने पहुंचे। उन्होंने डोसा ऑर्डर किया। रेस्टोरेंट कर्मचारी टेबिल पर डोसा देकर गया, जिसे खाते समय उसमें कॉकरोच निकालकर टेबल पर आ गया। जब इस मामले की शिकायत रेस्टोरेंट संचालक से की तो वह सकारात्मक जवाब नहीं दिया और माफी मांग कर मामले रफादफा करने लगे। डोसा में निकले कॉकरोच की युवाओं ने ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जिससे मामला गर्मा गया। रेस्टोरेंट संचालक द्वारा वीडियो डिलेट करने दबाव बनाया जा रहा है।

### इनका कहना है

हम फ्रेश रेस्टोरेंट पर ऐसा तीसरा मामला सामने आया है, पहले से 2 जांच सैंपल की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। कॉकरोच वाले मामले की बारीकी से जांच करेंगे, नियम अनुसार संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

**- धर्मेंद कुमार,** जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रायसेन।

## महिला आरक्षण बिल संसद में गिराना विपक्षी दलों की चाल: राजो मालवीय




**रायसेन।** भोपाल की महापौर राजो मालवीय द्वारा गुरुवार को दोपहर बीजेपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। महिला आरक्षण बिल गिरने एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर गुरूवार को दोपहर भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में भोपाल नगर निगम की महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती राजो मालवीय ने प्रेस कांफ्रेंस में बोलीं कांग्रेस पार्टी अन्य विपक्षी राजनैतिक दलों की आलोचना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता रघुवंशी, मंजू धीरेन्द्र सिंह कुशवाह, मीडिया प्रभारी सीएल गौर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओ की यह एक सोची समझी चाल है। यह अहंकार से उपजी बड़ी पराजय के प्रतीक है।

## नरवाई की चिंगारी से खेत में बने घर में भड़की आग

### करीब 80-90 हजार का नुकसान, पीड़ित ने की मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

ग्राम बेसर कॉलोनी पंचायत तिजालपुर के खेतों में लगी नरवाई की आग ने एक परिवार को भारी नुकसान पहुंचा दिया।

जानकारी के अनुसार नरवाई से उठी चिंगारी ओमप्रकाश पिता रामचरण के घर तक पहुंच गई, जिससे घर में भीषण आग लग गई। आगजनी में घर में रखा पाइप, बीज, 6 बोरा गेहूं, पलंग, बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस घटना में पीड़ित परिवार को लगभग 80 से 90 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। वहीं पीड़ति ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### फिर खली फायर ब्रिगेड की कमी

गुरवार को हुए हादसे के बाद एक घर में आग लग गई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सांची फायर ब्रिगेड को मोबाइल पर आगजनी की सूचना दी। लेकिन ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। सांची से फायर ब्रिगेड आग बुझने के बाद मौके पर पहुंचती है। स्थानीय रहवासी कई बार क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मांग कर चुके हैं। गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं काफी बढ़ जाती हैं। और फायर ब्रिगेड की कमी के चलते समय रहते आग पर काबू नहीं हो पाता। क्योंकि फायर ब्रिगेड सांची या रायसेन से आती हैं, जिसमें काफी समय लग जाता है।

# दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में 3 घायल, विदिशा रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



देर रात भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसकी वजह से एक मोटरसाइकिल पर सवार पति पत्नी सहित बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुधवार देर रात भोपाल विदिशा हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे पर मोटरसाइकिल एमपी 04 क्यूएल 6992 से भोपाल से विदिशा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे नीरज यादव पिता अर्जुन सिंह निवासी गुडरिया ईंटखेड़ी भोपाल अपनी पत्नी निशा यादव और 1 वर्षीय बच्ची दृष्टि को सामने से आ रही बाइक एमपी 04 वाईआर 5578 के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल चला रहे नीरज यादव पत्नी निशा यादव और उनकी गोद में बैठी बच्ची दृष्टि सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी मिलते ही थाने से डायल 112 मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तत्काल सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को स्तिथी बिगड़ने पर विदिशा रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सूखीसेवनिया बायपास रोड बंद होने से यातयात का और अत्यधिक दबाब बढ़ गया है। यहां से बड़े कंटेनर और हेवी वाहन निकलने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। क्योंकि हाइवे 18 सड़क बहुत संकरी हैं। जबकि स्थानीय रहवासी कई बार शिकायतों के माध्यम से हाइवे 18 सड़क मार्ग को 4 लेन करने की शासन प्रशासन से मांग कर चुके हैं।

## भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित युवा नेता शुभम उपाध्याय, देवेंद्र बघेल, अंशुल खत्री ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर के भारत माता चौराहे पर स्वागत मंच सजाकर डीजे ढोलनगाड़ों से स्वागत करने की होड़ मची।

जैसे ही नवनियुक्त युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर के वाहनों का काफिला भारत माता चौराहे पहुंचा संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपने प्रिय नेता श्याम टेलर को फूलमालाओं से लाद दिया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन में बैठकर फूल बरसाकर किया स्वागत। स्वागत मंच पर बड़ी फूलमाला से अभूतपूर्व स्वागत कर भाजयुमो की जिले में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया गया।

मालूम हो कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का यह मप्र के तीन जिलों का पहला संयुक्त दौरा कार्यक्रम था। जो गुरुवार को सुबह सागर जिले से शुरू होकर विदिशा, सांची त्रिमूर्ति तिराहा सलामतपुर से वापस वाहनों के काफिले से वापस भोपाल पहुंचे।

#### युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की दौड़ में युवा नेता

भाजयुमो रायसेन के लिए करीब आधे दर्जन युवा नेता दौड़ में लगे हुए हैं। इसी शक्ति प्रदर्शन में अंशुल शर्मा, शुभम उपाध्याय, देवेंद्र बघेल आदि ने शक्ति प्रदर्शन भी किया।

## राजा आदिवासी ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मानवता की मिसाल पेश करते हुए राजा आदिवासी ने जिला अस्पताल पहुंचकर एक मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार बाड़ी निवासी कमल सिंह को उपचार के दौरान अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ी। परिजनों ने रक्त की व्यवस्था के लिए प्रयास किए, लेकिन समय पर रक्त नहीं मिल पा रहा था।

इसी दौरान राजा आदिवासी को मरीज की गंभीर स्थिति और रक्त की जरूरत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना देर किए जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। उनके रक्तदान से मरीज कमल सिंह को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका, जिससे उसकी जान बच गई।

राजा आदिवासी के इस सराहनीय कार्य की अस्पताल स्टाफ, मरीज के परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। राजा ने बताया कि रक्तदान महादान है और जरूरत के समय किया गया यह कार्य किसी के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। राजा आदिवासी की पहल ने समाज के अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया है।

## कलेक्टर ने जनगणना-2027 प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**रायसेन।** जिले में जनगणना-2027 का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कराने के लिए सुपरवाइजरों तथा प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरूवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने रायसेन में डाईट भवन पहुंचकर सुपरवाईजरों तथा प्रगणकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना महत्वपूर्ण कार्य है और इसे पूरी गंभीरता। जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं की दिशा तय करते हैं, इसलिए प्रत्येक जानकारी का सही, समयबद्ध और पारदर्शी संकलन जरूरी है।

## नगर में देर रात तक लग रही बारात, शोरगुल से रहवासी परेशान

# रिहायशी क्षेत्रों में बेखौफ मैरिज गार्डन, जिम्मेदार भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के सघन रिहायशी वार्डों एवं अवैध कॉलोनियों में शासन के नियमों को ताक मे रखकर बेखौफ मैरिज गार्डन संचालित है ला इन मैरिज गार्डनों में न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम है और न ही पार्किंग व्यवस्था है। रहवासियों को हो रही परेशानी से शासन-प्रशासन को कोई सरोकार नहीं है।

मैरिज गार्डनों में देर रात तक डीजे और लाउड स्पीकर के असहनीय ध्वनि प्रदूषण से रिहायशी क्षेत्र के रहवासी हलाकान है। बैंड बाजों एवं डीजे के हाई फिक्वेंशी से बच्चे, बूढ़े, सहित लोग देर रात तक सो नहीं पा रहे है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य मंत्री एवं शासन के निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे है।

वार्डों एवं कॉलोनियों में संचालित मैरिज गार्डनों में देर रात को बारतें लग रही है, जिसमे जमकर आतिशबाजी की जाती है, इससे आसपास के मकानों व मकानों की छतों पर रखे सामानों में आग लगने की प्रबल संभावना है। कॉलोनी व वार्डों के रास्ते इतने सकरे है कि




फायर फाइटर भी नहीं जा पाएगा। आतिशबाजी से जानमाल का भी खतरा बना हुआ है

#### मैरिज गार्डन में पार्किंग नदारद

शासन के मौजूदा नियमों के अनुसार मैरिज गार्डन के कुल क्षेत्रफल का एक चौथाई हिस्सा पार्किंग के लिए रखना अनिवार्य है परन्तु संचालित मैरिज गार्डनों पार्किंग ही नहीं है। वाहन आवागमन के मार्गों पर मनमाने ढंग से खड़े कर रहे है जिससे रहवासियों का आवागमन बाधित हो रहा है। नगरीय सीमा क्षेत्र में कुछ ऐसे मैरिज गार्डन है जो सघन रिहायशी वार्डों एवं अवैध कॉलोनियों में संचालित है। इन वार्डों एवं कॉलोनियों के मार्ग अत्यधिक सकरे है। वैवाहिक आयोजनों के दौरान आवागमन के मार्ग अवरुद्ध हो रहे है।

### गार्डन दिखाकर बेंचे प्लॉट, बाद में बन गए मैरिज गार्डन

अवैध कॉलोनाइजर ने कॉलोनी में गार्डन दिखा कर भूखंड बेच दिए, बाद में बहुत ही चालाकी से बच्चों के खेलने के गार्डन को मैरिज गार्डन में तब्दील कर मोटी आय का जरिया बना लिया। इस कारण कॉलोनी के बच्चे कॉलोनी की सड़क पर खेलते हैं। वैवाहिक आयोजनों के दौरान दुर्घटना की आशंका के चलते बच्चे अपने घरों में कैद रहने को विवश है। अवैध कॉलोनियों मे शासन के नियमों को ताक में रखकर बेखौफ मैरिज गार्डन संचालित है, इन मैरिज गार्डनों में न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम है और न ही पार्किंग व्यवस्था है।

#### सुरक्षा इंतजाम भी नाकाफी

रिहायशी क्षेत्रों में संचालित मैरिज गार्डनों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। न तो अग्नि शमन के साधन है और न ही सुरक्षा गार्ड है। नगरीय सीमा क्षेत्र में कई मैरिज गार्डन संचालित हो रहे है, इनमें से कुछ सघन रिहायसी क्षेत्रों में है। मैरिज गार्डनों का समय बेसमय जाँच पड़ताल निरीक्षण करना स्थानीय प्रशासन का दायित्व है किन्तु अपने दायित्व से उदासीन बना हुआ है। परिणाम स्वरूप रिहायसी क्षेत्र के बसिंदे देर रात तक होने वाले असहनीय शोर, अवरूद्ध आवागमन और रातभर जागरण को विवश है।

### इनका कहना है

नगर में संचालित मैरिज गार्डन की जांच करेंगे, अगर नियम विरुद्ध होंगे तो करवाई की जाएगी।

**- श्रीमती ज्योति शिवहरे,** सीएमओ, बाड़ी।

### लोगों को स्व-गणना का मिला विकल्प

# स्व-गणना के लिए लोगों को प्रेरित करें मीडिया: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

गुरुवार को नगर के संेट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में जनगणना-2027 के संबंध में एसडीएम सौरभ मिश्रा ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए बताया कि जनगणना-2027 के तहत नागरिक स्वयं भी अपने मोबाईल या लैपटॉप से ऑनलाईन स्वगणना फार्म भर सकते हैं।

इस बार जनगणना में 16 से 30 अप्रैल तक नागरिकों के लिए स्व-गणना के लिए पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध है। नागरिक स्वगणना फार्म आसानी से भर सकते हैं। उन्होंने कहाकि स्वगणना के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा इसमें सभी मीडिया प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है।

एसडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा।




जनगणना-2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जो एक आधुनिक, तकनीकी रूप से सशक्त एवं समावेशी प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास के लिए आवश्यक आंकड़ों का संकलन अधिक सुगमता से किया जा सकेगा। जनगणना का द्वितीय चरण, जिसमें जनसंख्या गणना की जाएगी।

इस दृष्टि से वर्तमान स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों को प्रारंभिक चरण में ही जुड़ने और अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। इस दौरान सीएमओ राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका कर्मी, मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।